पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार

****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, कार्तिक 04, 1945
गुरुवार, अक्टूबर 26, 2023

विशेष स्वच्छता अभियान 3.0: रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय सचिवालय, साउथ ब्लॉक में स्वच्छता निरीक्षण किया

उत्पादकता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों से स्वच्छ कार्यस्थल सुनिश्चित करने का आग्रह किया

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अक्टूबर 26, 2023 को साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय (एमओडी) सचिवालय में स्वच्छता का निरीक्षण किया। स्वच्छता को दैनिक आदत के तौर पर विकसित करने के सरकार के निरंतर प्रयास के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। रक्षा मंत्री ने कर्मचारियों के साथ बातचीत की और उन्हें कार्यस्थल पर अत्यधिक स्वच्छता बनाए रखने के लिए हर सप्ताह कुछ घंटे व्यक्तिगत रूप से श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वच्छ और व्यवस्थित कार्यस्थल से उत्पादकता में वृद्धि होती है। उन्होंने स्वच्छता वीरों को भी सम्मानित किया, जिनके अथक प्रयासों ने रक्षा मंत्रालय में स्वच्छता अभियान के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

रक्षा मंत्रालय अखिल भारतीय स्वच्छता अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान 3.0 के चौथे तथा अंतिम सप्ताह में है। इस अभियान का मुख्य जोर उपलब्ध संसाधनों के लाभकारी उपयोग और कबाड़ के निपटान से राजस्व अर्जित करने पर रहा है। यह उल्लेख करना उचित है कि मंत्रालय ने साउथ ब्लॉक में फर्नीचर स्क्रैप और अप्रचलित आईटी उपकरणों, जैसे फोटोकॉपियर मशीनों के निपटान से 5.34 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। वाहनों की नीलामी से भी 55 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

स्वच्छता की भावना को ध्यान में रखते हुए, चल रहे विशेष अभियान 3.0 के दौरान एक पूर्व अप्रयुक्त कमरे को साफ किया गया और इसे 'लेडीज रूम' में बदल दिया गया, जहां कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार खुद को तरोताजा कर सकते हैं। रक्षा मंत्री ने साउथ ब्लॉक की दूसरी मंजिल पर बने इस कमरे का उद्घाटन किया। महिला कर्मचारियों ने उन्हें इस सकारात्मक बदलाव के लिए धन्यवाद दिया।

श्री राजनाथ सिंह ने भूतल पर उस स्थान का भी दौरा किया जो पहले एक निष्क्रिय विभागीय कैंटीन थी जहां कचरा डाला जा रहा था। चल रहे विशेष अभियान **3.0** के दौरान कचरे को साफ कर दिया गया है और जगह का नवीनीकरण किया जा रहा है।

एबीबी/एसएस